प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- **लोकसभा में आज पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होगी।**
- **राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने नव चयनित प्रशासनिक अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ ईमानदारी से काम करने का आह्वान किया है।**
- **शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश के सभी स्कूलों के भवनों का सर्वे कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए।**
- **राज्य में विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की तेज बारिश–कुछ जिलों में भारी बारिश के अलर्ट के चलते स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित।**

00000

लोकसभा में आज पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि विपक्षी दल ऑपरेशन सिंदूर पर सदन में चर्चा की मांग कर रहे थे और सरकार पहले दिन से ही इस पर सहमत थी। उन्होंने बताया कि पहलगाम आंतकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की कार्रवाई पर विशेष चर्चा मॉनसून सत्र में करने का निर्णय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता वाली कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिया गया था। श्री रिजिजू ने कहा कि बहस के लिए लोकसभा में सोलह घंटे का समय दिया गया है। राज्यसभा में इस पर कल चर्चा होगी।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने नव चयनित प्रशासनिक अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ ईमानदारी से काम करने का आह्वान किया है। कल जयपुर में एक शिक्षा ट्रस्ट की ओर से वर्ष 2025 के नव चयनित प्रशासनिक अधिकारियों के अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि गरीब और जनहित की योजनाओं में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को लोगों का विश्वास जीतने और उसे बनाये रखते हुए मेहनत, नवाचार तथा समर्पण से राज्य के विकास को नई गति देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने नव चयनित प्रशासनिक अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन किया।

0000

उद्योग और खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड ने कहा है कि "कलम की ताकत को पहचानकर और शिक्षा से ही समाज तथा देश की दिशा बदली जा सकती है। कल कोटपूतली–बहरोड़ में राव रतन जी की प्रतिमा और स्मारिका के अनावरण कार्यक्रम में श्री राठौड ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए समाज में जागरूकता लाने की बात कही। इस अवसर पर 151 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

.....

इस मौके पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह सहित विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

0000

आईआईटी जोधपुर में करीब 205 करोड़ रुपये की लागत से उत्तर भारत का पहला ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन क्लस्टर स्थापित होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर बनने वाला यह क्लस्टर सालाना करीब 350 टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा। इससे हरित ऊर्जा को बढावा मिलेगा।

0000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि प्रदेश के सभी स्कूलों के भवनों का सर्वे कराया जायेगा। इस दौरान जर्जर भवनों को चिन्हित कर उन्हें प्राथमिकता से गिराया जायेगा। ऐसे स्कूलों में वेकल्पिक व्यवस्था करते हुए कन्टेनर लगाकर कक्षाएं चलायी जायेगी। झालावाड़ जिले के मनोहर थाना में हुए हादसे को लेकर श्री दिलावर ने कल शिक्षा विभाग और पंचायती राज विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में इस तरह की घटनाएं दुबारा ना हो, इसे लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान भविष्य की योजना बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि जी आई एस आधारित ऐप बनाया जाएगा। जिसे शाला दर्पण से लिंक किया जाएगा। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का प्रयोग किया जाएगा जिससे भवन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बजट प्रावधान किए जाएंगे। आपदा प्रबंधन कोष से आपदा राहत मद के तहत 170 तहसीलों के साढे सात हजार स्कूलों में मरम्मत के लिए डेढ़ सौ करोड रुपए के प्रस्ताव

स्वीकृत किए जाएंगे। ताकि टूटे फूटे भवनों की मरम्मत कर उन्हें सुरक्षित बनाया जा सके। प्रदेश के निजी स्कूलों का भी सर्वे होगा ताकि इन स्कूलों में भी पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

00000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई शहरों में मध्यम से तेज बारिश दर्ज की गई। बांरा के अटरु में सबसे ज्यादा 6 इंच बरसात हुई। इसके अलावा झालावाड़, पाली और प्रतापगढ़ में तेज बारिश दर्ज की गई। इन जगहों पर तीन इंच से ज्यादा बारिश हुई। पाली के सादड़ी में दो घंटे तेज बारिश हुई। वहीं जयपुर में हल्की बारिश दर्ज की गयी। सिरोही में तेज बारिश के बाद उथमन गांव की गलियों में पानी भर गया। भारी बारिश के अलर्ट चलते बारां और डूंगरपुर कलेक्टर ने आदेश जारी कर सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए आज और कल का अवकाश घोषित किया है। हमारे बारां संवाददाता लक्ष्मीचंद नागर ने बताया कि वहां तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित है।

.....

उधर धौलपुर कलेक्टर ने भी जिले के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में आज से 30 जुलाई तक छुट्टी घोषित की है। इसके अलावा कोटा, ब्यावर और सलूंबर में आज और कल तथा अजमेर के स्कूलों में आज का अवकाश रहेगा। विभिन्न स्थानों पर हो रही तेज बारिश से जलाशयों में पानी की भरपूर आवक हो रही है। बीसलपुर बांध में पानी की आवक बढने से कल तीन और गेट खोल दिए गए। फिलहाल बांध के चार दरवाजों से 48 हजार 80 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। त्रिवेणी नदी के गेज में भी लगातार इजाफा हो रहा है। पाली में बेड़ा नदी तेज गति से बह रही हैं इससे पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े जवाई बांध में तेजी से पानी की आवक हो रही हैं। करौली जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्र में देर रात जोरदार बारिश होने से पांचना बांध में भी लगातार पानी आ रहा है। बांध से पानी की निकासी जारी है। उधर कोटा ग्रामीण के निमोदा हरिजी क्षेत्र में चंबल नदी में बहे 6 व्यक्तियों में से 5 के शव बरामद कर लिये गये है। उदयपुर के वल्लभनगर के रूपावली में कल सरकारी स्कूल की जर्जर दीवार गिर गई। हालांकि रविवार की छुट्टी होने के कारण कोई नुकसान नहीं हुआ। चूरू के हरदेसर गांव के सरकारी स्कूल में भी कल सुबह मरम्मत के दौरान जर्जर बरामदा गिर गया। हादसे में एक मजदूर घायल हो गया। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी, अतिभारी और एक दो स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश की संभावना है। जयपुर, अजमेर, जोधपुर संभाग में भी कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। भरतपुर, जयपुर, अजमेर संभाग तथा बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं मध्यम से भारी बारिश का दौर 30 जुलाई तक जारी रह सकता है।

0000

सावन माह का आज तीसरा सोमवार है। इस अवसर पर विभिन्न शिवालयों में बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों के साथ श्रद्धालु भगवान शिव के अभिषेक के लिए पंहुच रहे है। भोलेनाथ का दूध, जल, बिल्व पत्र से विशेष अभिषेक किया जा रहा है। मंदिरों में रूद्राभिषेक के आयोजन हो रहे है। विभिन्न पवित्र स्थलों से कावडिये जल लाकर शिवजी का पूजन कर रहे है।

0000

मॉनसून के चलते प्रदेशभर में मौसमी बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग सजग है। जैसलमेर के शहरी क्षेत्र में सर्वे अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत 11 टीमें गठित की गयी है। इन टीमों द्वारा घरों पर मार्किंग करने, मौसमी बीमारियों के बचाव और उपचार के संबंध में आमजन को जागरूक करने सहित कई गतिविधियां की जा रही है।

0000